सभापति सुशीला गुप्ता और उपसभापति अनिल पटेल ने ग्रहण किया पदभार

ऐसा काम करेंगे कि नौवें बोर्ड के लिए जनता खुद भाजपा को वोट देने आगे आए : सुशीला

डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। नगर परिषद के आठवें बोर्ड ने शहर की कमान संभाल ली। नवनिर्वाचित सभापति सुशीला गुप्ता और उपसभापति अनिल पटेल ने साधु-संतों, महंतों, भाजपा पदाधिकारियों, नवनिर्वाचित पार्षदों और बड़ी संख्या में शहरवासियों की मौजूदगी में नगर परिषद पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के साथ ही शहर में विजय जुलूस निकाला गया। जगह-जगह शहरवासियों ने पुष्पवर्षा और फूल-मालाओं से सभापति, उपसभापति और पार्षदों का स्वागत किया। जुलूस गेपसागर की झील की पाल पर पहुंचा, जहां आमसभा में बोर्ड के आगामी पांच साल के विकास का संकल्प रखा गया। पदभार ग्रहण करने के बाद सभापति सुशीला गुप्ता ने कहा कि वे जनता के माध्यम से चुनकर आई हैं, इसलिए शहर की जनता की हर समस्या का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता रहेगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का नया बोर्ड केवल घोषणा करने के बजाय काम करके दिखाने पर विश्वास करेगा। स्वच्छता, सुंदरता, पर्यटन, सड़क और जलापूर्ति को लेकर शहर में बड़े स्तर पर काम किए जाएंगे।

ऐसा काम करेंगे कि नौवें बोर्ड के लिए जनता खुद वोट देने आगे आए- गेपसागर की पाल पर आयोजित आमसभा में सभापति सुशीला गुप्ता ने कहा कि आठवें बोर्ड का लक्ष्य शहर के चहुंमुखी विकास का है। उन्होंने कहा, 'हमारा बोर्ड पांच साल में ऐसा करके दिखाएगा कि आने वाले पांच साल बाद नौवें बोर्ड के लिए शहर की जनता खुद वोट देने आगे आएगी। उन्होंने कहा कि महिला सभापति के रूप में महिला पार्षदों के साथ मिलकर महिला सशक्तीकरण और



महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। शहर में जलापूर्ति का समय बढ़ाकर एक घंटा करने, सभी वार्डों की सड़कों के नवीनीकरण और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने की बात भी कही। सुशीला गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2015 से 2020 के दौरान शहर में हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। पूर्व सभापति केके गुप्ता के अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ लेते हुए स्वच्छता, सुंदरता और पर्यटन के क्षेत्र में डूंगरपुर को नई पहचान दिलाने का प्रयास होगा।

विजय जुलूस में जगह-जगह हुआ स्वागत:-

पदभार ग्रहण के बाद नगर परिषद से सभापति, उपसभापति और नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदों का विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान जगह-जगह शहरवासियों ने फूल बरसाकर और मालाएं पहनाकर स्वागत किया। कई स्थानों पर पूर्व सभापति केके गुप्ता का भी लोगों ने अभिवादन किया। गुप्ता ने जुलूस के दौरान लोगों का आत्मीयता से अभिवादन स्वीकार किया।

महंत बोले- कृष्ण रूपी रथ पर अर्जुन रूपी सभापति

रामबोला मठ के महंत ने सभापति सुशीला गुप्ता के नेतृत्व वाले बोर्ड की तुलना महाभारत के प्रसंग से करते हुए कहा कि 'कृष्ण रूपी रथ पर सवार अर्जुनरूपी सभापति सुशीला गुप्ता का बोर्ड शहर की दशा और दिशा बदलेगा।' उन्होंने कहा कि शहर के विकास में मतभेद और मनभेद बाधा नहीं बनने चाहिए। सभी को मनभेद दूर कर केवल शहर के विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए। महंत ने कहा कि केके गुप्ता के कार्यकाल के बाद अब नए बोर्ड को शहर के विकास की दिशा में काम करने का अवसर मिला है। इस अवसर को जनहित के कार्यों से नई पहचान देने की जरूरत है।

स्वच्छता देखने लोग खुद आएं, ऐसा काम होगा : के.के. गुप्ता

पूर्व सभापति एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर केके गुप्ता ने कहा कि नगर परिषद का आठवां बोर्ड शहर के विकास में नई इबारत लिखेगा। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादों को शत-प्रतिशत पूरा करने का प्रयास होगा और जनता ने जो विश्वास जताया है, उस पर बोर्ड को खरा उतरना होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में ऐसा काम किया जाएगा कि लोगों को डूंगरपुर की स्वच्छता देखने के लिए बुलाना न पड़े, बल्कि लोग स्वयं यहां की व्यवस्था देखने आएं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद के आठवें बोर्ड में सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए विकास की योजनाएं तैयार की जा रही हैं। आने वाले दिनों में शहर में विकास और पर्यटन से जुड़े कार्यों को गति दी जाएगी।

वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन

'नमामि भारतम्' के तहत लोकभवन में सामूहिक 'वंदे मातरम्' का हुआ गान

जयपुर (कासं)। लोकभवन में शुक्रवार को राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी अभियान 'नमामि भारतम्' का आयोजन हुआ। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और लोकभवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस दौरान सामूहिक 'वंदे मातरम्' का सम्पूर्ण गान किया। राज्यपाल बागडे ने इस अवसर पर कहा कि एक स्वर-एक संकल्प-एक भारत' की भावना के साथ वंदे मातरम् के गौरवशाली इतिहास से जन जन को जोड़ने के लिए 'नमामि भारतम्' महत्वपूर्ण अभियान है। यह मां भारती को नमन करते हुए राष्ट्र सर्वोपरि की भावना का नाद है। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी भी उपस्थित रहे।

खेल में समर्पण, अनुशासन व लक्ष्य आवश्यक

डूंगरपुर(प्रातःकाल संवाददाता)। किसी भी खेल में टीम को जीत हासिल करने के लिए समर्पण, अनुशासन और लक्ष्य निर्धारण करना नितांत आवश्यक होता है। यह बात विधायक प्रत्याशी भाजपा डूंगरपुर बंशीलाल कटारा ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नवाडेरा नंबर पांच की मेजबानी में यहां दिगी सेंट्रल स्कूल डूंगरपुर में 23 से 26 सितंबर तक आयोज्य 70 वीं जिला स्तरीय (14 वर्षीय छात्र छात्रा) बास्केटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किए।

संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता आयोजित

डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। विद्या भारती संस्थान द्वारा जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन विद्या निकेतन बालिका माध्यमिक विद्यालयए इंजीनियर की गलीए डूंगरपुर में किया गया। कार्यक्रम में जिला सह सचिव दिनेश व्यास का आतिथ्य रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन, दीप मंत्र एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। अतिथि परिचय विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं जिला संस्कृति ज्ञान बोध परियोजना प्रमुख भार्गवी द्विवेदी ने कराया। अतिथियों का स्वागत लक्ष्मणसिंह सिसोदिया एवं जयेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम की संपूर्ण भूमिका एवं उद्देश्य के बारे में जिला बौद्धिक प्रमुख हरिश शर्मा ने जानकारी दी। संस्कृति महोत्सव के दिशा-निर्देश जिला सह सचिव दिनेश व्यास ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भैया-बहनों को प्रदान किए।

पुराने बस स्टैंड स्थित विशाल फुटवियर दुकान में भीषण आग, लाखों का नुकसान

खेरवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। कस्बे में जैन मिष्ठान भंडार के सामने संचालित विशाल फुटवियर की दुकान में गुरुवार सुबह करीब 8 बजे अचानक आग लग गई। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना के समय दुकानदार और उसके परिवार का कोई सदस्य दुकान में मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई। दुकान से धुआं उठता देख आसपास के व्यापारी और राहगीर तत्काल आग बुझाने में जुट गए। पड़ोस में रहने वालो ने अपने बोरिंग से पाइपलाइन लगाकर पानी की आपूर्ति की। कस्बेवासियों और व्यापारियों के सामूहिक प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

आग से दुकान के ग्राउंड फ्लोर और प्रथम तल पर रखे विभिन्न वैरायटी के जूते-चप्पल जलकर नष्ट हो गए। दुकान का फर्नीचर भी पूरी तरह जल गया। दुकान के अंदर खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल भी आग की चपेट में आने से काफी क्षतिग्रस्त हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान में खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल के पेट्रोल टैंक तक आग पहुंचने की आशंका थी, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। आसपास के लोगों का कहना है कि यदि आग पेट्रोल-डीजल के हिस्से तक पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद खेरवाड़ा कस्बे में फायर ब्रिगेड की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है।

डिजिटल व्यवस्था का भार केवल व्यापारियों पर डालना अनुचित, व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। यूपीआई लेन-देन पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट शुल्क के विरोध में व्यापार महासंघ संस्थान की ओर से केंद्र सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। संघ के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में उपस्थित व्यापारियों ने इस प्रस्ताव पर अपनी चिंता व नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की।

व्यापार महासंघ के राजेश सेठिया, सुनील जागेटिया और राजकुमार बज ने बताया कि देश का व्यापारी वर्ग डिजिटल इंडिया और कैशलेस अर्थव्यवस्था को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ग्राहकों की सुविधा के लिए व्यापारियों ने यूपीआई, क्यूआर कोड और पीओएस जैसी डिजिटल भुगतान प्रणालियों को



व्यापक रूप से अपनाया है। ऐसे मे 2 हजार से अधिक के यूपीआई भुगतानों पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क व्यापारियों पर अनपेक्षित आर्थिक भार डालेगा।

प्रतीक बोहरा ने कहा कि व्यापारी वर्ग पहले से ही जीएसटी आयकर, टीडीएस विभिन्न लाइसेंस शुल्क, बैंकिंग चार्जेस, पीओएस एवं कार्ड शुल्क के वित्तीय व प्रशासनिक नियमों का पालन कर रहा है। व्यापार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और सीमित मार्जिन के बीच इस तरह के नए शुल्क और अनुपालन बोझ व्यापारियों के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। महासंघ ने सवाल उठाया कि देश की अर्थव्यवस्था को गति देने, रोजगार पैदा करने, टैक्स भरने और डिजिटल व्यवस्था को सफल बनाने वाले व्यापारियों पर ही हर नई व्यवस्था का वित्तीय भार क्यों डाला जाता है। सुनील कोठारी, संयोजक राजेश वीरानी, उपाध्यक्ष लोकेंद्र भड़कतया और एवंत मेहता ने ज्ञापन के माध्यम से दो हजार से अधिक के यूपीआई के भुगतानों पर प्रस्तावित 0.4: डक्त् शुल्क को तुरंत रद्द करने, छोटे, मध्यम और बड़े व्यापारियों के लिए यूपीआई लेन-देन को यथासंभव जीरो एमडीआर रखने तथा भविष्य में किसी भी शुल्क या नए अनुपालन नियम को लागू करने से पहले उसके वास्तविक आर्थिक प्रभाव का अध्ययन किया जाए और व्यापारिक संगठनों से औपचारिक चर्चा करने की मांग की।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

निविदा संख्याः AGCTRDT202629	**अनुमानित लागतः** ₹ 44,59,077/-
कार्य का नामः आगरा डिवीज़न के TDL-BXN सेक्शन में विभिन्न इंजीनियरिंग कार्यों के कारण ट्रैक्शन बॉन्ड को बदलना और अन्य कार्य।	
धरोहर राशिः ₹ 89,200/-	**कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह

1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं।
2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 19.10.2026 को 15.15 बजे तक भरा जा सकता है।

2171/26(K)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR

MANAPPURAM FINANCE LTD.

निलामी सूचना

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.10.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

अलवर, डीग, 0137490700003897, 3941, 3953, 3954, 4460, 4472, 4482, 4486, 4487, 4512, 4518, 4536, 4542, 4547, 4555, 4562, 4568, 4574, 0137490730015225, 6255, 9248, 3391, 3411, 3443, 3457, 3460, 3484, 3522, 3523, हनुमान सर्कल अलवर, 0138330700004680, 5203, 5282, 5299, 5301, 5313, 5317, 5327, 5329, 5344, 5345, 5346, 5351, 0138330730021417, 1480, 4246, 4270, 4274, 4296, 4361, 4375, 4376, 4380, 4390, 4391, 4402, 4407, 4437, 4443, 4444, 4447, 4462, 4467, 4471, खैरथल, 0138500700002383, 2755, 2756, 2762, 2774, 2787, 2799, 0138500730013809, 3830, 3857, 3858, 3860, 3864, 3867, 3873, 0074, मनुमार्ग अलवर, 0112140700030791, 0807, 0842, 0857, 0858, 1500, 1505, 1517, 1520, 1555, 0112140730075115, 1077, 1078, 1079, 1085, 1086, 1159, 1349, 1356, 1363, 1434, 1436, 1437, 1439, 1454, 1457, 1460, 1467, 1468, 1475, 1477, 1482, 1484, 1488, 1489, 1500, 1546, 1553, 1557, रोड़ नंबर 2 अलवर, 0112110700034040, 4073, 4087, 4806, 4815, 4824, 4833, 4850, 4862, 4865, 4876, 4883, 0112110730078540, 3338, 3416, 3424, 3425, 3440, 3449, 3450, 3455, 3465, 3480, 3481, 3492, 3497, 3531, 3539, 3542, 3560, 3563, 3574, दौसा, बांदीकुई, 0137480700005008, 5018, 5037, 5044, 5480, 5539, 5541, 5543, 5550, 5555, 5556, 5557, 5560, 5580, 0137480730047015, 7072, 7078, 9361, 9382, 9384, 9413, 9420, 9423, 9425, 9429, 9432, 9437, 9440, 9442, 9451, 9456, 9457, दौसा राजस्थान, 0135460700010398, 1095, 1177, 1182, 1187, 1203, 1208, 1213, 1217, 1224, 1225, 1227, 1238, 0135460730047621, 2014, 2015, 2094, 2105, 2106, 2275, 2280, 2286, 2293, 2319, 2330, 2352, 2359, 2367, 2389, 2409, 2410, 2419, 2424, 2425, 2426, 2437, 2445, 2452, 2458, 2459, 2475, 2494, लालसोट रोड दौसा, 0138010700003336, 3341, 3343, 3347, 0138010730017532, 7593, 7609, 7611, 7623, 7632, 7634, 7636, 7647, 7650, 0073, जयपुर, बागडू राजस्थान, 0135320700016689, 7457, 7467, 7486, 7487, 7490, 7498, 0135320730024122, 4223, 4236, 4240, 4246, 4256, 4269, 4275, 4281, 4284, 4285, 4298, 4299, 4302, 4303, 4305, 4308, 4318, 4320, 4321, 4324, 4326, 4332, 4333, 4340, 4342, 4345, 4346, 4353, 4355, 4357, 4358, 4360, 4361, 4362, 4364, 4369, 4377, 4378, भानकरोता जयपुर , 0123660700018339, 0026, 0047, 0720, 0744, 0748, 0767, 0792, 0812, 0822, 0824, 0123660730020878, 2272, 2495, 5865, 5885, 5940, 5941, 5942, 5943, 5986, 5990, 5995, 6000, 6002, 6018, 6024, 6032, 6033, 6044, 6048, 6056, 6058, 6073, 6074, 6078, 6084, 6085, 6102, 6103, 0177, ब्रह्मपुरी जयपुर, 0111150700035239, 7093, 7403, 8379, 8381, 8391, 8394, 8396, 8406, 8411, 8419, 8441, 8447, 8450, 8486, 8491, 8493, 0111150730036658, 1218, 1255, 1315, 1456, 1476, 1487, 1488, 1505, 1509, 1524, 1525, 1526, 1530, 1531, 1541, 1544, 1548, 1549, 1552, 1555, 1560, 1566, 1570, 1571, चोमू, 0135080700014973, 4986, 5002, 5007, 5751, 5785, 5786, 5847, 5867, 5885, 5892, 5907, 5912, 5919, 5921, 5924, 5936, 5945, 5946, 5951, 5952, 5953, 0135080730035317, 5397, 5398, 5523, 5526, 5528, 5532, 5565, 5568, 5569, 5571, 5580, 5585, 5586, 5589, 5591, 5597, 5608, 5626, 5628, 5636, 5638, 5639, 5649, 5651, 5660, 5661, 5667, 5668, 5672, 5691, 5699, 5701, 5703, 5707, 5708, 5714, 5727, डिसीएम अजमेर रोड, 0110310700001855, 2034, 2585, 2588, 2591, 2630, 2635, 2662, 0110310730031293, 1294, 1386, 1416, 1422, 1429, 1430, 1432, 1454, 1465, 1485, 1486, 1492, 1512, 1522, 1529, 1532, 1533, गोपालपुरा जयपुर, 0110500700021990, 2270, 2720, 2732, 2805, 2815, 0110500730025829, 9466, 9502, 9551, 9652, 9656, 9658, 9664, 9716, 9717, 9719, 9721, 9728, 9729, 9741, जगतपुरा जयपुर, 0111450700025435, 8143, 8154, 8174, 8194, 8207, 9038, 9102, 9150, 9152, 9159, 9160, 9168, 9187, 9197, 9199, 9216, 9224, 9225, 9237, 9239, 9246, 9253, 9264, 0111450730022008, 4962, 1101, 1178, 1191, 1261, 1269, 1287, 1288, 1293, 1294, 1295, 1296, 1297, 1308, 1309, 1325, 1328, 1330, 1331, 1337, 1339, 1359, 1361, 1362, 1363, 1380, 1383, 1385, 1393, 1395, 1411, 1423, 1424, 1434, 1435, 1436, 1437, 1442, 1445, 1446, 1447, 1458, 1467, 1468, 1473, 0122, जयपुर सिंधी कैंप, 0102820700024668, 4713, 5312, 5323, 5328, 5357, 5379, 5386, 5389, 5390, 5402, 5404, 5405, 5406, 5415, 5418, 0102820730026108, 6175, 6240, 6248, 6255, 6261, 6274, 6275, 6277, 6289, 6295, 6296, 6300, 6304, 6310, 6311, जोतवाडा, 0104600700729219, 9758, 9896, 9933, 0559, 0606, 0614, 0630, 0639, 0641, 0646, 0668, 0674, 0104600730028589, 1459, 1556, 1564, 1568, 1577, 1611, 1630, कुन्ता चौराहा जयपुर, 0123650700035638, 5715, 6432, 6463, 6467, 6472, 6479, 6483, 6487, 6489, 6492, 6501, 6519, 6526, 6528, 6535, 0123650730044162, 9135, 9227, 9325, 9329, 9344, 9345, 9355, 9375, 9377, 9386, 9402, 9403, 9404, 9410, 9414, 9418, 9426, 9435, 9446, 9450, 9451, 9462, 9463, 9475, 9499, 9543, मानसरोवर, 0110440700021863, 3555, 3566, 3569, 3579, 4387, 4388, 4390, 4395, 4396, 4400, 4402, 4403, 4410, 4413, 4440, 4443, 4446, 4447, 4449, 4452, 4453, 4454, 4455, 4461, 4482, 4495, 4497, 0110440730031154, 1507, 1826, 6840, 6971, 6998, 6999, 7001, 7050, 7096, 7110, 7140, 7144, 7152, 7153, 7154, 7155, 7159, 7171, 7173, 7174, 7175, 7176, 7193, 7195, 7202, 7212, 7216, 7220, 7225, 7226, 0262, मुरलीपुरा जयपुर, 0119460700036462, 7484, 7591, 7732, 7759, 8713, 8731, 8734, 8738, 8745, 8749, 8750, 8761, 8763, 8775, 8776, 8783, 8785, 8804, 8813, 8820, 8821, 8826, 8832, 8835, 8842, 8851, 8857, 8862, 0119460730096095, 3672, 3869, 3870, 3905, 3982, 3987, 4006, 4007, 4013, 4035, 4051, 4056, 4058, 4061, 4063, 4078, 4085, 4096, 4120, 4134, 4135, 4140, 4141, 4144, 4145, 4160, 4167, 4177, 4179, 4198, 4199, नगरपालिका लिंक रोड, 0113870700022467, 2650, 3714, 3782, 4622, 4636, 4654, 4661, 4666, 4680, 4681, 4683, 4689, 4702, 4704, 4706, 4713, 4718, 0113870730029093, 1993, 2075, 2755, 8245, 8315, 8317, 8320, 8323, 8324, 8329, 8341, 8342, 8343, 8344, 8345, 8348, 8351, 8371, 8401, 8402, 8403, 8404, 8405, 8414, 8431, 8438, 8444, 8473, 8486, प्रताप नगर जयपुर, 0114240700030677, 0756, 0787, 0818, 1655, 1691, 1708, 1715, 1722, 1743, 1758, 1766, 1787, 1788, 1790, 1799, 1810, 1813, 1815, 0114240730033428, 8898, 8916, 9030, 4853, 4854, 4855, 4857, 4891, 4931, 5008, 5015, 5036, 5039, 5045, 5054, 5055, 5056, 5128, 5137, 5138, 5157, 5159, 5160, 5161, 5162, 5163, 5165, 5178, 5200, 5201, 5202, 5203, 5221, 5222, 5227, 5235, 0066, राजापार्क जयपुर, 0120050700021583, 1599, 1604, 1611, 1621, 1635, 1638, 1640, 1642, 0120050730041841, 2907, 6536, 6546, 6692, 6693, 6702, 6739, 6746, 6747, 6749, 6757, 6758, 6769, 6783, 6786, 6794, 6798, 6800, 6805, 6814, 6817, 6833, रामनगर शॉपिंग सेंटर, 0127350700031057, 1954, 2298, 2506, 2578, 2581, 2620, 2628, 2633, 2645, 2649, 4270, 4277, 4313, 4320, 4333, 4358, 4360, 4365, 4401, 4428, 0127350730032533, 2429, 6380, 6424, 0480, 0595, 0648, 0695, 0741, 0770, 0779, 0781, 0788, 0792, 0793, 0810, 0834, 0835, 0855, 0869, 0897, 0916, 0917, 0918, 0919, 0926, 0934, 0940, 0941, 0950, 0971, 0973, 0983, 0987, सांगानेर, 0104670700048230, 9543, 9565, 9567, 9581, 9588, 9591, 9607, 9618, 9628, 9634, 9637, 9683, 0983, 1010, 1033, 1090, 1093, 1109, 1111, 1115, 1117, 1120, 1133, 1138, 1147, 1153, 1170, 1176, 1181, 1183, 1200, 1203, 1206, 1215, 1239, 1253, 1255, 1258, 0104670730034486, 4761, 4762, 4763, 4764, 4815, 4853, 4915, 0954, 1114, 1117, 1221, 1275, 1298, 1308, 1339, 1351, 1363, 1368, 1369, 1370, 1407, 1408, 1415, 1451, 1452, 1455, 1460, 1472, 1479, 1480, 1491, 1502, 1507, 1517, 1525, 1526, 1542, 1548, 1555, 1556, 1568, 1577, सांगानेर आर जे, 0136230700012289, 2320, 2329, 3235, 3284, 3298, 3299, 3333, 3341, 3344, 3345, 3362, 3363, 3371, 3491, 0136230730022221, 2256, 2273, 6478, 6564, 6602, 6603, 6674, 6698, 6714, 6742, 6770, 6776, 6781, 6790, 6805, 6823, 6826, 6840, 6841, 6845, 6847, 6858, 6874, 6883, 6884, 6888, शाहपुरा, 0116740700022641, 2673, 2683, 2685, 2686, 2687, 2694, 2699, 2700, 2703, 2710, 2715, 2720, 2724, 2729, 2732, 0116740730032022, 2037, 6521, 6582, 6595, 6610, 6618, 6658, 6659, 6680, 6683, 6686, 6687, 6692, 6714, 6718, 6719, 6720, 6721, 6727, 6729, 6734, 6743, 6761, 6767, 6791, 6792, 6799, 6805, 6816, 6819, 6820, 6821, 6830, 6833, 6834, 6835, 6842, 6844, 6850, 6851, 6854, 6856, शास्त्री नगर जयपुर, 0110520700024888, 5628, 7263, 7328, 7340, 7365, 8428, 8472, 8473, 8476, 8485, 8491, 8499, 8515, 8521, 8525, 8533, 8536, 8539, 8540, 8560, 8582, 8583, 8585, 8594, 8597, 0110520730029395, 0477, 0508, 0567, 0570, 0590, 0677, 5611, 5744, 5915, 5919, 5926, 5929, 5942, 5947, 5952, 5957, 5969, 5986, 5987, 5988, 6003, 6004, 6006, 6007, 6015, 6019, 6026, 6039, 6046, 6063, 6065, 6071, 6072, 6073, 6074, 6086, 6095, 6096, 6098, 6108, 6119, 6120, 6123, 6124, 6125, 6134, 6135, 6137, 6150, 6154, 6155, 6156, 6157, 6159, श्याम नगर, 0109820700019855, 9881, 9883, 9890, 9920, 9921, 9922, 9926, 9928, 9931, 9932, 0109820730043212, 3213, 5833, 5834, 5927, 5960, 5977, 5982, 5986, 5988, 5990, 6018, विजयपथ मानसरोवर , 0124180700015702, 5973, 6642, 7192, 7198, 7247, 8078, 8175, 8184, 8186, 8187, 8192, 8198, 8200, 8208, 8209, 8210, 8215, 8222, 8228, 8230, 8236, 8246, 8261, 8272, 8274, 8279, 8287, 8292, 0124180730033851, 7744, 4341, 4502, 4513, 4520, 4534, 4543, 4570, 4571, 4574, 4576, 4578, 4588, 4598, 4603, 4609, 4612, 4615, 4653, 0164, वि के ए! ए जयपबर, 0110640700047645, 7725, 7928, 8189, 8387, 8649, 8666, 8679, 8680, 8695, 8698, 8701, 8715, 9933, 9963, 0068, 0094, 0097, 0112, 0126, 0139, 0151, 0155, 0164, 0172, 0191, 0216, 0222, 0224, 0225, 0232, 0241, 0247, 0254, 0265, 0273, 0279, 0110640730067997, 8012, 8024, 8042, 8195, 8298, 8354, 8419, 8439, 8461, 8471, 8472, 8489, 8494, 8507, 8524, 8530, 8532, 8537, 8538, 8539, 8546, 8554, 8588, 8596, 8643, 8653, 8658, 8674, 8675, 8693, 8694, 8695, 8704, 8712, 8716, 8734, 8740, 8741, वैशाली नगर जयपुर, 0111120700019768, 0543, 0650, 0678, 0679, 0680, 0691, 0695, 1313, 1319, 1321, 1328, 1334, 1347, 1352, 1357, 1363, 1364, 1365, 1382, 1384, 1385, 1389, 1395, 1396, 0111120730036524, 0196, 0201, 0351, 0358, 0368, 0371, 0375, 0386, 0391, 0412, 0413, 0425, 0437, 0447, झुंझुनू, झुंझुनू रोड नं. 1, 0116750700032891, 3560, 3981, 3987, 4037, 4049, 4062, 4063, 4074, 4952, 4959, 4963, 4981, 4985, 4986, 5026, 5028, 5047, 5049, 5059, 5061, 0116750730038305, 0593, 0641, 0642, 0643, 0731, 0740, 0846, 0847, 0848, 0849, 0860, 0882, 0891, 0893, 0898, 0900, 0903, 0911, 0920, 0926, 0930, 0932, 0933, 0935, 0936, 0952, 0956, 0962, 0965, 0967, 0969, 0971, 0972, 0973, 0979, 0983, 0986, 0988, 1005, 1007, 1014, 1016, 1019, 1025, 1027, 1038, 1040, 1041, 0374, पिलानी राजस्थान, 0135490700016209, 7360, 7363, 7401, 7427, 7435, 8242, 8288, 8289, 8319, 8367, 8378, 8379, 8388, 8393, 0135490730048622, 8888, 0392, 2473, 3180, 3361, 3414, 3547, 0319, 0329, 0363, 0393, 0488, 0489, 0513, 0514, 0590, 0597, 0599, 0600, 0605, 0607, 0624, 0628, 0629, 0646, 0664, 0675, 0687, 0697, 0715, 0730, 0731, 0740, 0746, 0753, 0764, 0765, 0766, 0775, 0358, टोंक, अग्रसेन सर्कल, 0113310700018176, 8194, 8201, 8202, 8816, 8850, 8855, 8861, 8867, 8878, 0113310730039868, 9890, 9891, 9913, 9974, 9976, 9992, 0013, 0014, 0017, 0026, 0055, 0056, 0084, 0091, 0113, 0118, देओली टोंक, 0113460700019875, 9886, 9976, 0004, 0460, 0516, 0519, 0544, 0549, 0555, 0558, 0570, 0583, 0586, 0588, 0113460730041822, 2274, 2299, 2360, 5606, 5662, 5671, 5672, 5679, 5682, 5684, 5700, 5711, 5717, 5725, 5730, 5733, 5742, 5746, 5748, 5753, 5763, 5772, 5773,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

साईकलिंग पर भव्या का राज्य स्तर पर चयन

मंडफिया (प्रातःकाल संवाददाता)। जिला स्तरीय साईकिलिंग प्रतियोगिता में भव्या तिवारी का तीसरी बार राज्य स्तर पर चयन हुआ है। जानकारी के अनुसार स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल भदेसर कक्षा 8 वीं की छात्रा मंडफिया (सांवलिया जी) निवासी भव्या तिवारी पिता कमलेश तिवारी ने श्री गुरु समीर स्कूल चित्तौड़गढ़ में आयोजित जिला स्तरीय अंडर 14 साईकलिंग प्रतियोगिता 500 मीटर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जिसका राज्य स्तर पर चयन हुआ है। भव्या तिवारी का पूर्व में भी दो बार साईकलिंग प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन हो चुका है। छात्रा भव्या के राज्य स्तर पर चयन होने पर भदेसर विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया।



तेरापंथ युवक परिषद कांकरोली ने लगाया रक्तदान शिविर

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के नेतृत्व में तेरापंथ युवक परिषद ,कांकरोली द्वारा आर.के. हॉस्पिटल ब्लड सेंटर, राजसमंद में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 25 व्यक्तियों ने रक्तदान किया वहीं 38 व्यक्तियों ने जरूरत पड़ने पर रक्तदान करने का संकल्प लिया शिविर का शुभारंभ नगर परिषद उपसभापति मोहन कुमावत ने किया। 'रक्तदान जीवनदान' है, आपका दिया हुआ रक्त किसी अनजान व्यक्ति के जीवन में नई उम्मीद और नया जीवन दे सकता है।' तेरापंथ युवक परिषद कांकरोली के इस सेवाभावी प्रयास की सराहना करते हुए सभी रक्तदाताओं एवं कार्यकर्ताओं को साधुवाद दिया। आरके हॉस्पिटल पीएमओ डॉ रमेश रज्जक रेडक्रॉस सोसायटी मानद सचिव बृजलाल कुमावत, संयुक्त सचिव दीपचंद गाडरी, डॉ एम पी मीणा तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष नितिन आंचलिया, मंत्री हर्षल कोठारी, कोषाध्यक्ष गजेंद्र चौरड़िया,उपाध्यक्ष शरद कोठारी, जयेश कोठारी,सहमंत्री विकास तलेसरा, प्रचार-प्रसार मंत्री प्रांजल बोहरा हिट युवा फिट युवा संयोजक पंकज बापना, सुरेंद्र सिंह रांकावत, रमेश सिंह चारण,अनिल खटीक, नरेश कुमावत तकनीशियन जितेंद्र सोनी, रमेश सुथार, राधेश्याम सुखवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में देर रात तक बही हास्य और ओज की र